TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

14 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफ़लता कभी पक्की नहीं होती है असफलता भी कभी अंतिम नहीं होती है।

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 14 अक्टूबर

1. **विश्व मानक दिवस–** दुनिया भर के अर्थव्यवस्था में वस्तुओं को मानकीकरण खास महत्त्व रखता है। वस्तुओं में गुणवता को बनाए रखने के लिए कुछ मानक निर्धारित किये जाते हैं। मानकीकरण व्यवस्था को सुविधाजनक बनाने तथा ग्राहकों को जागरूक बनाने के लिए प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस (वर्ल्ड स्टैण्डर्डस डे) मनाया जाता है। यह आईईसी, आईटीयू और आईएसओ के सदस्य देशों में मनाया जाता है।

2. **लाला हरदयाल का जन्मदिन–** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी क्रांतिकारी लाला हरदयाल का जन्म 14 अक्टूबर, 1884 ई. को दिल्ली में गुरूद्वारा शीशगंज के पास स्थित चीराखाना मुहल्ले में हुआ था। उन्होंने अमेरिका में 'गदर पार्टी' की स्थापना की थी, जो प्रवासी भारतीयों में देशभक्ति की भावना को जागृत करता था। वे 'पंजाब' नामक अंग्रेजी पत्र के सम्पादक भी रहे। हरदयाल जी ने पेरिस जाकर 'वन्दे मातरम्' और 'तलवार' नामक पत्रिका का संपादन किया था। उन्हें विदेश की तेरह भाषाओं को ज्ञान था।

3. **रजिया सुल्तान का निधन–** भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान के बारे में आपने जरूर सुना या पढ़ा होगा। इल्तुतमिश की मृत्यु के बाद उसकी पुत्री रजिया दिल्ली सल्तनत में 1236 ई. से 1240 ई. तक शासिका थी। रजिया पर्दा प्रथा त्याग कर पुरूषों की तरह खुले मुँह राजदरबार जाती थी। रजिया का इस तरह का व्यवहार तुर्की मंत्रियों को पसंद नहीं आया और अंततः राज्य में विद्रोह हो गया। 14 अक्टूबर 1240ई. कुछ डाकुओं ने रजिया की हत्या कर दी।
   - **संदर्भः मध्यकालीन भारत पाठ 3, तुर्क शासन की स्थापना** से जोडकर रजिया सुल्तान के बारे में बतायें।

4. **बहादुर शाह प्रथम का जन्म–** 14 अक्टूबर, 1643 ई. को बुरहानपुर में हुआ था। 3 मार्च, 1707 ई. को मुगल सम्राट औरंगजेब की मृत्यु हो जाने पर उनका सबसे बड़ा पुत्र मुहमद आज़म शाह मुगल राजगद्दी पर बैठा, परन्तु 19 जून, 1707 ई. को आज़मशाह को राजगद्दी से हटा कर स्वयं 'शाहजादा मुअज़्ज़म' बहादुर शाह के नाम से मुगल सम्राट बना। उसने औरंगजेब द्वारा अपनाई गई संकीर्णतावादी नीतियों को बदल दिया। उसने हिन्दू सरदारों और राजाओं के प्रति अधिक सहिष्णुतापूर्ण रूख अपनाया। बहादुर शाह ने गुरू गोविन्द सिंह के साथ संधि कर तथा एक बड़ा मनसब देकर सिक्खों के साथ मेल–मिलाप की नीति अपनाई। लेकिन औरंगजेब के मृत्यु के बाद लौहगढ़ का किले को अपने कब्जे में ले लिया। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि बहादुरशाह राजकीय कार्यों में इतना अधिक लापरवाह था कि लोग उसे "शाहे बेखबर" कहने लगे।
   - **संदर्भः मध्यकालीन भारत, पाठ 4, मुगल साम्राज्य**

M o n d a y

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

14 अक्टूबर

मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस 14 अक्टूबर

अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। यह दिन उन हजारों विशेषज्ञों के प्रयासों का सम्मान करता है, जो अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई), अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन (आईईसी), अंतर्राष्ट्रीयकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन (आईएसओ), अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार जैसे मानक विकास संगठनों के भीतर स्वैच्छिक मानकों को विकसित करते हैं। यूनियन (आईटीयू), इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स संस्थान (आईईईई) और इंटरनेट इंजीनियरिंग टास्क फोर्स (आईईटीएफ)। विश्व मानकों का उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था के मानकीकरण के महत्व के रूप में नियामकों, उद्योग और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए है। 14 अक्टूबर को विशेष रूप से तारीख को चिह्नित करने के लिए चुना गया था, 1946 में, जब 25 देशों के प्रतिनिधियों ने पहली बार लंदन में इकट्ठा किया और मानकीकरण को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन बनाने का फैसला किया। हालांकि एक साल बाद आईएसओ का गठन हुआ था, यह 1970 तक नहीं था कि पहला विश्व मानक दिवस मनाया गया था। दुनिया भर में, राष्ट्रीय निकायों द्वारा तारीख को मनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का चयन किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 23 अक्टूबर 2014 को विश्व मानक दिवस का 2014 का जश्न मनाया। कनाडा के राष्ट्रीय मान्यता संस्था, कनाडा के मानक मान्यता परिषद, अंतरराष्ट्रीय मानदंड की तारीख के निकट दिन देखकर अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस के साथ विश्व मानकों दिवस का जश्न मनाती है।

# जयंती विशेष 14 अक्टूबर

राकेश कुमार



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के निर्भीक समर्थक
लब्ध प्रतिष्ठित लेखक एवं गदर पार्टी के संस्थापक

## श्री लाला हरदयाल जी

**लाला हरदयाल** *Lala Hardayal*, जन्म- 14 अक्टूबर, 1884, दिल्ली; मृत्यु- 4 मार्च, 1939 ई., फिलाडेलफिया) प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। लाला हरदयाल जी ने 'ग़दर पार्टी' की स्थापना की थी। विदेशों में भटकते हुए अनेक कष्ट सहकर लाला हरदयाल जी ने देशभक्तों को भारत की आज़ादी के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.10.2024

## डॉक्टरेट

डॉक्टरेट सबसे उन्नत शैक्षणिक डिग्री है जिसे आप अर्जित कर सकते हैं, यह इस बात का प्रतीक है कि आपने किसी विशिष्ट शैक्षणिक अनुशासन या पेशे के क्षेत्र में महारत हासिल कर ली है। डॉक्टरेट की डिग्री के लिए शोध और अभिव्यक्ति के महत्वपूर्ण स्तर की आवश्यकता होती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




## दक्षिण कोरिया की हान कांग को मिला साहित्य का नोबेल पुरस्कार



# खेल कॉर्नर



## टेबल टेनिस

टेबल टेनिस(table tennis) को पिंग पोंग (ping pong) भी कहा जाता है। टेबल टेनिस को कमरों के भीतर खेलने के लिए बनाया गया था। सबसे पहले टेबल टेनिस की शुरुआत इंग्लैंड में हुई। सन् 1922 में इंग्लैंड में टेबल टेनिस ऐसोसिएशन बना तथा प्रथम विश्वप्रतियोगिता लंदन में हुई। अब यह खेल अत्यंत लोकप्रिय हो चुका है और संसार के 71 देशों में खेला जाता है। टेबल टेनिस आज बहुत लोकप्रिय है टेबल टेनिस लाखों लोग खेलते है और टेनिस 2.5 इंच का होता है



## खेल के नियम

टेबल टेनिस एक समय में दो (एकल) या चार (युगल) खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है। प्रत्येक खिलाड़ी एक बल्ला (बैट) लेता है तथा एक गेंद आवश्यक है। खेल का क्षेत्र एक लकड़ी की सतह का टेबल होता है। पैरों में रबर के जूते तथा रंगीन कपड़े (किसी भी गहरे रंग के) पहनना अनिवार्य है।

# ToB बालमन विशेषांक


साप्ताहिक

## विषय : सामान्य ज्ञान

धीरज कुमार (शिक्षक)
UMS सिलौटा, भभुआ,
कैमूर, बिहार

## नदियों किनारे स्थित विश्व के प्रमुख शहर

| शहर | देश | नदी |
|---|---|---|
| >>> रोम | इटली | टाईबर |
| >>> लंदन | ब्रिटेन | टेम्स |
| >>> पेरिस | फ्रांस | सीन |
| >>> न्यूयॉर्क | संयुक्त राज्य अमेरिका | हडसन |
| >>> सिडनी | आस्ट्रेलिया | डार्लिंग |
| >>> ओटावा | कनाडा | सेंट लारेंस |
| >>> टोकियो | जापान | अराकुवा |
| >>> शंघाई | चीन | यांग्टी सिकयांग |


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
QUIZ TIME
Today's Quiz
Quiz Number 466
अमेरिका में गदर पार्टी की स्थापना किसने की?
A. लाला लाजपत राय
B. बाल गंगाधर तिलक
C. लाला हरदयाल
D. विपिन चंद्र पाल
www.teachersofbihar.org

14 अक्टूबर 1884

# जयंती पर सादर नमन



"गदर पार्टी" की नींव रखने वाले महान क्रांतिकारी

# लाला हरदयाल

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

14 अक्टूबर



महान स्वतंत्रता सेनानी एवं
गदर पार्टी के संस्थापक

# लाला हरदयाल

की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

14 अक्टूबर 1884 - 4 मार्च 1939

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari